भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता– राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य एवं दायित्वः

- शहरी स्वास्थ्य प्रभाग के साथ मिलकर राज्य/शहर जिला कार्यक्रम प्रबंध इकाइयों के साथ कार्यक्रम के नियोजन, प्रबंध और कार्यान्वयन का समन्वय करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित क्षेत्रों के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, गुणवत्ता **आश्वाशन**, सामुदायिक प्रक्रियाएं, स्वास्थ्य सूचना प्रणालियां, निगरानी एवं मूल्यांकन, सार्वजनिक–निजी भागीदारी, शासन इत्यादि को सुदृढ़ बनाना।
- वार्षिक पीआईपी का आंकलन और विश्लेषण, तथा एनयूएचएम कार्यक्रम घटकों के अनुमोदन के लिए फीडबैक देना।
- शहरी स्वास्थ्य प्रणाली, स्वास्थ्य जरूरतों से संबंधित जानकारी का विधिवत् संग्रह, प्रलेखन और प्रस्तुति, और निर्णयकर्ताओं को सूचना उपलब्ध कराना।
- एनयूएचएम कार्यक्रम और व्यय घटकों की समीक्षा करने, निगरानी और विश्लेषण करने में शहरी स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना।
- एचएमआईएस से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करना, और उसे निर्णयकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुत करना।
- महामारी विज्ञान और एचएमआईएस दोनों सूचना का इस्तेमाल करते हुए शहरी स्वास्थ्य योजनाएं तैयार करने और योजनाओं की समीक्षा करने और उनमें सुधार करने के लिए राज्य, जिला और शहर स्तर पर क्षमता वर्धन करना। राज्यों द्वारा यथावांछित बजट निर्माण और वित्तीय नियोजन करना।
- कम कार्य **कुशलता** वाले राज्यों/जिलों/शहरों की नियमित आधार पर फील्ड निगरानी सहित सहयोगी पर्यवेक्षण और समवर्ती निगरानी पहल करना।
- तकनीकी निर्देशों, रिपोर्टों, प्रकरण अध्ययनों इत्यादि सहित प्रचार–प्रसार सामग्री के लेखन में योगदान करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य करना।

योग्यताः

- जन स्वास्थ्य या सामुदायिक स्वास्थ्य या निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर उपाधि। एमबीबीएस वांछनीय है।
- स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान अथवा जन स्वास्थ्य परियोजनाओं के नियोजन या कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य। (वांछनीय)

निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक क्षेत्र में दक्षताः

- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, गुणवत्ता सुधार, सामुदायिक प्रक्रियाएं, स्वास्थ्य सूचना प्रणालियां, निगरानी एवं मूल्यांकन, सार्वजनिक–निजी भागीदारी, शासन इत्यादि ।
- आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले पेकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को सर्च करने के लिए वेब सर्फिंग में उच्च स्तर की जानकारी सहित कंप्यूटर प्रवीणता
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।
- बहु प्रभागीय टीम परिवेश में कार्य करने की योग्यता का प्रदर्शन किया हो।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन/जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने में अनुभव का प्रदर्शन किया हो।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और कार्यों को निर्धारित समय पर संपन्न करने के लिए एक साथ कई कार्यों को करने की योग्यता।
- गुणवत्तापूर्ण प्रकाशित कार्य या विशिष्ट महत्व के कार्य अनुभव का साक्ष्य होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक होना चाहिए।

संविदा अवधिः 31 मार्च, 2017 तक

पारिश्रमिक की सीमाः 40,000/– रु. से 90,000/– रु. प्रतिमाह के बीच।

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **9-Feb-2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।